दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 193
मुरादाबाद
(Wednesday)
05 November 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस, गाजा शांति योजना का समर्थन;भारत-इस्राइल बैठक में बोले जयशंकर

भारत और इस्राइल ने नई दिल्ली में उच्चस्तरीय वार्ता की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी भरोसे और सहयोग पर आधारित है। गाजा शांति योजना, आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' और निवेश सहयोग पर चर्चा हुई।भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, नवाचार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर गहन



चर्चा की।जयशंकर ने कहा भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है- भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता। हमने कठिन समय में एक-दूसरे का साथ दिया है।

दोनों देशों के सामने आतंकवाद की समान चुनौती है, इसलिए यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का दृष्टिकोण अपनाए। गाजा शांति योजना पर भारत का समर्थन- जयशंकर ने गाजा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत 'गाजा पीस प्लान' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि यह एक स्थायी शांति समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बंधकों की रिहाई और मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी का स्वागत भी किया।निवेश और नवाचार पर जोर- विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि कृषि, अर्थव्यवस्था, पर्यटन और वित्त से जुड़े इस्राइली मंत्री पहले ही भारत का दौरा कर चुके हैं।

जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हम इस्राइल के साथ इन क्षेत्रों में साझेदारी को और गहराई देना चाहते हैं। इस्राइल ने जताया पीएम मोदी के प्रति आभार- इस्राइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत एकजुटता की सराहना करते हैं। हम याद रखते हैं कि 7 अक्तूबर को हमास के हमले के बाद पीएम मोदी पहले विश्व नेता थे जिन्होंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को फोन किया था। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। भारत और इस्राइल के लिए उग्रवाद सबसे बड़ा खतरा- इस्राइल के विदेश मंत्री गिडोन सार ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात के दौरान कहा कि कट्टरपंथी आतंकवाद भारत और इस्राइल दोनों के लिए साझा खतरा है। उन्होंने पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। सार ने कहा कि इस्राइल को लंबे समय से ऐसे आतंकवादी संगठनों से खतरा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में आतंक के ठिकाने बना लिए हैं। गाजा में शांति के लिए जरूरी है हमास का सफाया- उन्होंने कहा हमास (गाजा), हिजबुल्लाह (लेबनान) और हौती (यमन) जैसे कट्टर आतंकवादी संगठन हमारे क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती हैं। इन्हें खत्म करना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि हमास को निरस्त्र करना और गाजा को सैन्य रूप से मुक्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की योजना का मुख्य हिस्सा है और इस पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। क्षेत्रीय साझेदारी पर बात करते हुए, सार ने कहा कि इस्राइल भारत के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के पक्ष में है। उन्होंने कहा ढ्र22 (भारत-इस्राइल-यूएई-अमेरिका) और ढ्रस्थ्रष्ट (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा) जैसे प्रोजेक्ट हमारे क्षेत्र के भविष्य को उज्जवल बनाएंगे। हम दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टेक्नोलॉजी, साइबर और,ढ्र में सहयोग- जयशंकर ने कहा कि भारत और इस्राइल के बीच सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा में सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अगले साल फरवरी में 'एआई इम्पैक्ट समिट' की मेजबानी करेगा और इसमें इस्राइल की भागीदारी का स्वागत करेगा।क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण- जयशंकर ने कहा कि भारत के श्रमिक अब बड़ी संख्या में इस्राइल में काम कर रहे हैं और उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में दोनों देशों को मिलकर कदम बढ़ाने चाहिए। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों पर भी विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने कहा कि बहुपक्षीय मंचों पर भारत और इज़राइल की साझेदारी बहुत मूल्यवान है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई गहरी चिंता, कहा- जागरूकता की सख्त जरूरत

देश की सर्वोच्च अदालत ने पॉक्सो कानून के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कहा है कि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने, इसके लिए लड़कों और पुरुषों को जागरूक करना जरूरी है। अपने इस टिप्पणी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 2 दिसंबर तक के लिए टाल दी है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पॉक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने।पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल पर जताई चिंता- इस सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, हम यह देख रहे हैं कि कई बार पॉक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है। पुरुषों में इस कानून की जानकारी और समझ बढ़ाई जाए।

## हमें राज्य के सभी ओसामा बिन लादेन को खत्म करना होगा, सीवान में गरजे असम सीएम



सीएम सरमा ने कहा कि, इस देश के जितने भी ओसामा हैं, सबको एक-एक करके खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह देश राम-सीता का देश है और कभी भी ओसामा बिन लादेन जैसा किसी का वर्चस्व नहीं मान्य होगा।

बिहार में पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। यही वजह है कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी हैं। असम सीएम और भाजपा के स्टार प्रचारक हिमंत बिस्व सरमा ने भी सीवान में गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में रघुनाथपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ ऐसा कह दिया, जिस पर हंगामा हो सकता है।

दरअसल हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य में जितने भी ओसामा बिन लादेन हैं, उन सभी को खत्म करना होगा। असम सीएम ने अपने इस बयान से राजद प्रत्याशी और बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब पर निशाना साधाअसम सीएम के बयान पर हो सकता है विवाद-असम सीएम ने कहा कि मेरे रघुनाथपुर आने से पहले, मुझे लगता था कि मुझे यहां भगवान राम, भगवान लक्ष्मण और माता सीता दिखाई देंगी, लेकिन मुझे बताया गया कि यहां कई राम, लक्ष्मण और सीता हैं, लेकिन यहां एक ओसामा भी है। मैंने पूछा कि ओसामा कौन है? ये ओसामा भी पूर्व के ओसामा बिन लादेन जैसा है। हमें ये सुनिश्चित करना होगा कि राज्य में एक भी ओसामा बिन लादेन न रहे। ओसामा का पिता शहाबुद्दीन था। असम सीएम ने राजद प्रत्याशी ओसामा शहाब का नाम लिए बिना उनकी तुलना ओसामा बिन लादेन से कर दी। सीएम सरमा ने कहा कि, इस देश के जितने भी ओसामा हैं, सबको एक-एक करके खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह देश राम-सीता का देश है और कभी भी ओसामा बिन लादेन जैसा किसी का वर्चस्व नहीं मान्य होगा। सीवान की रघुनाथपुर सीट से ओसामा शहाब राजद के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जन सुराज पार्टी के टिकट पर राहुल कीर्ति चुनाव लड़ रहे हैं और जदयू ने यहां विकास कुमार सिंह को टिकट दिया है। रघुनाथपुर को ओसामा के पिता और बाहुबली रहे शहाबुद्दीन का गढ़ माना जाता है। ओसामा के खिलाफ भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद द्वारा ओसामा को टिकट देने पर भी खूब विवाद हुआ और आलोचक राजद के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं।

## अनुप्रिया पटेल बोलीं- हाशिए पर पड़े समुदाय को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहा अपना दल




बरेली में अपना दल के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अपना दल हाशिए पर पड़े समुदाय को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहा है। 30 वर्षों की यात्रा के बाद आज अपना दल उत्तर प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी है। बरेली में अपना दल-एस के स्थापना दिवस पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने सत्ता परिवर्तन नहीं, व्यवस्था परिवर्तन की बात कही थी। व्यवस्था परिवर्तन से हमारा तात्पर्य यह है कि आजादी की लड़ाई से अब तक जो लोग शोषित-वंचित तबके के रूप में रह गए हैं, उन्हें उनका अधिकार मिले। उन्हें उचित सम्मान मिले। सभी संसाधनों में उनकी भी भागीदारी सुनिश्चित हो।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चारों स्तंभों में जब तक शोषित और वंचित समाज की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक व्यवस्था पुराने ढर्रे पर ही चलेगी और व्यवस्था में परिवर्तन नहीं होगा। कहा कि अपना दल हाशिए पर पड़े समुदाय को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहा है। 30 वर्षों की यात्रा के बाद आज अपना दल उत्तर प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी है। इस बीच हमने कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया। अपना दल आज प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी- पटेल - अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मीडिया के साथी कभी अपना दल को वोट कटवा लिखते थे। आज वही मीडिया के साथी अपना दल को उत्तर प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी लिखते हैं। यह सब अपना दल के कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है। यह सब डॉ. सोनेलाल पटेल की सोच का परिणाम है। डॉ. सोनेलाल पटेल के समय हमारे चार चार विधायकों को बड़े दलों ने लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल कर लिया था। लेकिन, अब स्थिति बदल चुकी है। अब अपना दल-एस उतर प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी है। %हम सत्ता सुख के लिए राजनीति में नहीं आए- अनुप्रिया पटेल ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के लिए आवाज अपना दल ने उठाई। हम उन लोगों में से नहीं हैं जो सत्ता के सुख के लिए राजनीति में हैं। हम हाशिए पर खड़े वंचित और शोषित समाज की आवाज हैं। नीट की परीक्षा में पिछड़ों के आरक्षण के लिए अपना दल ने आवाज उठाई। ओबीसी की क्रीमी लेयर की आय सीमा का दायरा बढ़ाने के लिए अपना दल ने आवाज उठाई। उत्तर प्रदेश में आउटसोर्सिंग की भर्तियों में पिछड़े, दलित और शोषित समाज के लोगों को आरक्षण देने की मांग अपना दल ने उठाई। नतीजतन सरकार ने उसे लागू कराया। उन्होंने कहा कि इस देश में जातिगत जनगणना की मांग अपना दल निरंतर कर रहा है। और भारत सरकार ने जातिगत जनगणना का निर्णय लिया है। अब हम पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए भी अपना दल ही आवाज उठा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद पंचायत चुनाव है। उसके कुछ समय बाद उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव है। अपना दल की गाड़ी को कार्यकर्ता प्रेम और स्नेह रूपी मतों से आगे बढ़ाएं। फिर देखें कि आपका अपना दल क्या कमाल करता है। आज यहां से सभी लोग एक संकल्प लेकर जाएं कि अपने बल से अपना दल को नंबर एक पार्टी बनाना है। हर पिछड़े, शोषित और वंचित की उम्मीद का दीया जलाना है।

## निकाय चुनाव से पहले देवेंद्र फडणवीस का बड़ा दांव; एक दिन में लिए 21 फैसले



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महा एआरसी लिमिटेड को बंद करने के वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा 20 और फैसलों को मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र में जल्द ही निकाय चुनाव होने हैं। इन चुनावों से पहले, जनता से जुडे मुद्दों पर सीएम देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली कैबिनेट ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट ने एक दिन में ही 21 बड़े फैसले लिए हैं। यह पहली बार है जब महाराष्ट्र में किसी सरकार ने एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में फैसले लिए हों। इन फैसलों में सबसे अहम निर्णय यह है कि कैबिनेट ने राज्य की संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी, महा एआरसी लिमिटेड को बंद करने पर अपनी सहमति दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महा एआरसी लिमिटेड को बंद करने के वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा 20 और फैसलों को मंजूरी दी गई है। महा एआरसी लिमिटेड को बंद करने का निर्णय राज्य सरकार ने अपनी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी महा एआरसी लिमिटेड को बंद करने का फैसला किया है। यह कंपनी सितंबर 2022 में राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के तर्ज पर बनाई गई थी, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेंस न मिलने के कारण इसका संचालन शुरू नहीं हो सका था। विरार-अलीबाग मल्टी-मॉडल कॉरिडोर के लिए ऋण गारंटी- सरकार ने विरार-अलीबाग मल्टी-मॉडल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए हुडाको से लिए जाने वाले ऋण पर राज्य गारंटी देने को मंजूरी दी। निगम द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए उपयोग की जाएगी। शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में दो बड़े फैसले- नागपुर के लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को 2025-26 से 2029-30 तक हर साल सात करोड़ की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, चंद्रपुर जिले के मुल में नया सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज खोला जाएगा। इसमें 300 छात्रों की क्षमता होगी और कुल 81 पद (39 शिक्षकीय व 42 गैर-शिक्षकीय) बनाए जाएंगे।असंगठित कामगारों के लिए बनाए जाएंगे 30,000 घर- सीएम देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में महाराष्ट्र कैबिनेट ने राजस्व विभाग द्वारा सोलापुर जिले के कुंभारी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले 30,000 घरों के प्रोजेक्ट को गैर-कृषि कर, प्रीमियम और अनर्जित आय से छूट दी है।

## संपादकीय Editorial

### India's Daughters are Champions!

Hail, the daughters of India! Wow, what a performance! What a display of fighting spirit and concentration! Their eyes were fixed on the target like Arjuna, and they created a new record in the 52-year history of women's ODI cricket! This isn't just a story of small milestones. This is the most beautiful, magnificent, and powerful victory in men's or women's cricket. India and we Indians had no expectations. We never took women's cricket, or women players, seriously. Around the same time that the Indian women's team defeated the 7-time world champions and the undefeated Australian team (with a 15-match winning streak) to enter the World Cup final, four Indian daughters – Khushi, Ahana, Chandrika, and Anshika – achieved golden success in boxing at the Asian Youth Games. Jasmine and Meenakshi Hooda also won gold medals in their respective weight categories at the World Championships. How many Indians remember these golden achievements? Perhaps they don't even know about them! Nevertheless, the game played by India's daughters in the Women's Cricket World Cup was truly amazing, unexpected, unprecedented, unimaginable, and incomparable! The Australian team had successfully chased down India's 330 runs in the group stage match. Therefore, no extra miracle was expected in the semi-final match, but Jemimah Rodrigues seemed like an angel who descended and performed an extraordinary feat. Jemimah was dropped from the team for the match against England. Jemimah's form wasn't good either. Although she had scored more than 70 runs against Australia earlier. During the World Cup, she would often sob in the dressing room or alone because she wasn't able to play good cricket for the country. In the semi-final, Australia had set a mountainous target of 338 runs. In response, when Team India's opening batters - Shafali Verma and Smriti Mandhana - were dismissed for relatively low scores, India's innings seemed to be faltering. In those circumstances, Jemimah Rodrigues, with an unbeaten 127 runs (134 balls, 14 fours), not only scored her first World Cup century but also reduced the daunting target to a manageable level by forging a 167-run (156 balls) third-wicket partnership with captain Harmanpreet Kaur (89 runs off 88 balls). Jemimah then added 38 runs (34 balls) with Deepti Sharma, 46 runs (31 balls) with Richa Ghosh, and an unbeaten 31 runs (15 balls) with Amanjot Kaur, sealing an improbable victory. This was the highest and most successful chase in World Cup history. Jemimah undoubtedly deserves to be named 'Player of the Match' for Team India; she delivered a magnificent innings when it mattered most, leading Team India to a 5-wicket victory with 9 balls remaining, securing their place in the World Cup final. Now, there is no apprehension, no challenge, no test of fire, and no fear whatsoever regarding the final match. The South African team is in the World Cup final for the first time. We are not in any way underestimating their game and skill, but the Indian women's team has reached the final twice before, in 2005 and 2017. We have experienced that level of tension and pressure. Team India also defeated the Australian team in the semi-final of the 2017 World Cup. We have proven many times that the Australian team is not 'invincible'. They can be defeated on any given day with better play. Now, whether Team India wins or loses the final, the daughters of Team India are lionesses of cricket. They are truly world champions. However, our intuition tells us that given the enthusiasm of our daughters and the level that the sport has reached, the first Women's World Cup should be held in India. Indian women are performing exceptionally well in cricket. This performance is far beyond expectations.

## Muslims Must Break Free from the Vote Bank Mentality; RJD-Congress Did Not Choose a Muslim as Deputy Chief Minister Candidate

Today, the Muslim community doesn't need another report like the Sachar Committee report, but rather a need to create awareness within itself. The governments are not responsible for their plight, but rather the leaders who have pushed them into an ideological abyss and reduced them to mere vote banks. Today, the Muslim community needs the kind of leadership that Germany and Japan received after World War II, not the kind of leadership that exploits them for their own political gain. The Grand Alliance did not choose a Muslim Deputy Chief Minister. The Muslim community is marginalized in politics. Education and awareness are needed. The Bihar Assembly elections are heating up, with results due on November 14. As part of this, the Grand Alliance has declared RJD leader and former Bihar Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav as the alliance's Chief Ministerial candidate. Mukesh Sahani, the founder of the Vikassheel Insaan Party (VIP), has been made the Deputy Chief Minister candidate. The Sahani community constitutes approximately 2.5 percent of Bihar's population. In comparison, the Muslim community in Bihar today is 18 percent, most of whom are voters of the Grand Alliance. Lalu Yadav's political base has always been Muslims and Yadavs, but when it came to announcing the Deputy Chief Minister's name, the RJD, Congress, and their allies did not choose a Muslim candidate, knowing that they would get the Muslim vote anyway. Muslims are in a position to significantly influence several constituencies in the country, but despite their large numbers, they appear marginalized in politics today. They can, if they choose, make a positive contribution to the country's politics. Individually, some Muslims have taken advantage of this void in society and have managed to secure some high political positions for themselves, but the community has never benefited from it. For years, different governments have been blamed for the plight of the Muslim community, but the truth is that the incompetence of Muslim leaders has created this situation. Their incompetence has created many challenges for the community. At a time when the community needed a balanced political understanding, these political leaders incited them towards hollow movements. Today, when elections come around, a different kind of anxiety is visible in Muslim areas. This is a symbolic indication of where the mistake was made. Under the misguided leadership, they failed to understand that participating in politics means contributing fully to the country's political process. Merely expressing anxiety is not enough; the entire community must engage itself in nation-building activities. Today, the greatest need in the Muslim community is the establishment of secular educational institutions. In the last 150 years, Muslims have established many educational institutions, but most of these institutions have only promoted a narrow perspective in society. After World War II, Germany and Japan underwent a massive transformation in their outlook. Their leadership understood that they would lose everything in a battle for supremacy. The leadership of these countries focused the energy of their citizens on education, not on defeating or winning against anyone. As a result, countries that just 60 years ago seemed incapable of standing on their own feet are now considered powerful nations in terms of technology. It is sad to see that today in the country, the Muslim community's vote is limited only to winning or losing. When they go to vote, their agenda is only to defeat or elect a particular party or its candidate. At that time, issues like education, health, basic amenities, and nation-building take a backseat. The result is unemployment and the challenge of providing a good education for their children. Today, you don't find a single good hospital, school, or college in any Muslim-majority area. Some political parties take full advantage of this mindset. The greatest beauty of democracy is that there is a winner and a loser, but this winning and losing should be limited only to the elections. Once one side wins, everyone should work together in the national interest. Continuous opposition only has a detrimental effect on one's own life. Today, the Muslim community doesn't need another report like the Sachar Committee report, but rather a sense of self-awareness. The governments are not solely responsible for their plight, but also the leaders who have pushed them into an ideological abyss and reduced them to mere vote banks. Today, the Muslim community needs the kind of leadership that Germany and Japan received after World War II, not the kind of leadership that exploits them for political gain. If we look at the homes of these leaders, we will find that their children are studying in the best schools and colleges and later securing good jobs and businesses. Why don't these leaders adopt the same policies for society that they adopt for their own families? This clearly shows that the Muslim community will have to bring about its own salvation. This can only begin when they rise above being just a vote bank. They should vote on issues that will improve the lives of people from every community living in the country. If they succeed in doing this, their vote will become a powerful force in nation-building. It will be a valuable contribution.

# Building New Cities is Essential to Address the Challenges of Urbanization

This significantly boosts GDP growth. China is a prime example. It is estimated that China has built 3,800 new cities over the past 40 years, housing over 150 million people. If India is to realize its vision of becoming a developed nation by 2047, this goal seems unattainable without the construction of thousands of new small and medium-sized cities. New cities are essential to cope with urbanization and the increasing pressure on existing IT hub cities. I recently visited Bengaluru. It was nighttime when I left the airport, a time when traffic is generally considered to have eased. Yet, it took me more than an hour and a half to reach Richmond Circle, a major city center. During the relatively long journey, the driver began pointing out the problems, explaining how IT companies are relocating from the city and new campuses are being built in other areas. Not long ago, a senior minister in the Karnataka government and a corporate giant had a heated exchange over the city's crumbling infrastructure. The Bengaluru story illustrates how this city, considered India's IT hub, is buckling under the weight of its own success. The IT industry is expanding rapidly across the country, and several states have started rolling out the red carpet for entrepreneurs to set up establishments there. While cities in East and North India are a treasure trove of IT talent, these cities are not on the radar of entrepreneurs. Furthermore, available data reveals that more than a third of the employees at companies like Zoho, SAP, PayPal, and Nvidia come from Tier 3 colleges. To attract entrepreneurs, Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath has announced the allocation of land for nine industrial and commercial clusters, including IT and data centers, but this is not enough. Technology-based industrial and commercial centers depend on the availability of human resources. Generation Z is currently a hot topic of discussion. This generation, born between 1997 and 2012, is poised to become a significant source of talent for the future. This generation desires a work environment that emphasizes flexibility, mental health, and well-being. They prioritize work-life balance and reject the traditional attitudes of previous generations. This generation prefers a vibrant social environment. Bengaluru and other Indian metropolises do not offer this kind of environment. There, migration is inevitable. Consider Silicon Valley in the US, often called a global IT hub; it is spread across about a dozen small towns and cities. The headquarters of major global IT giants are located in these areas. Apple is in Cupertino, Google in Mountain View, Meta in Menlo Park, and Cisco in San Jose. None of these cities have a population exceeding one million. It is possible for any working person there to pick up their child from school and enjoy lunch at home. An IT hub ecosystem is not established haphazardly. It includes aspects such as a deep talent pool, strong university-industry linkages, supportive infrastructure, and confidence in the safety of life, residence, and property. The creation of such an ecosystem begins with physical infrastructure. Taking Uttar Pradesh as an example, the state's success in expressway construction is commendable. All expressways pass through important cities of the state, where some renowned universities are located. Therefore, it makes sense to develop physical infrastructure within a 150 km radius along these expressways. It must be ensured that the proposed clusters are not too close to the main city so that they do not become part of the agglomeration and fail to meet the expectations of the talent pool. The blueprint for a new cluster city should include industrial and commercial complexes and a residential township. The construction of a modern township requires patient capital, a risk-taking mindset, city planners, modern tenders, and streamlined governance. Success on this scale should be measured by the speed and quality of city construction. The 'Build, Operate, and Transfer' principle is the most practical option. For this, the lease should be for a minimum of 99 years and extendable for another 99 years, so that the return on capital is attractive. The invitation to tender should be global. It is no secret that congestion is increasing in Indian cities. The impact of urban renewal and smart city programs has been very limited, and there has been hardly any improvement in the ease of living. The challenge of rapidly increasing urbanization can only be met by building numerous new small and medium-sized cities. In fact, the development of new cities provides a strategic approach to managing urban development, developing organized infrastructure, reducing congestion, decreasing commuting time, and providing a better standard of living at a lower cost. Economically, new cities are also very attractive. They create job opportunities, attract investment, and foster complementary and ancillary businesses and service enterprises. This significantly boosts GDP growth. China is a prime example of this. It is estimated that over the past Over the past 40 years, China has built 3,800 new cities, which are home to more than 150 million people. If India is to realize its vision of becoming a developed nation by 2047, this goal seems unattainable without the creation of thousands of new small and medium-sized cities.

# कलेक्ट्रेट सभागार में राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया



वंचित/गरीब परिवारों को पात्र गृहस्थी योजना से आच्छादित करने हेतु राशन कार्ड उपलब्ध कराये जाने के लिए मा. विधायक नगर श्री रितेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मा. विधायक द्वारा कल्पना पत्नी रामपाल, नगमा पत्नी अफजल अहमद, तबस्सुम पत्नी मौ0 असलम, अजरा पत्नी आसिव, रीशा पत्नी इस्लाम, राविया पत्नी फिरोज, अर्चना पत्नी रविन्द्र, संध्या पत्नी अमित यादव, शिवानी पत्नी राजकुमार, शुभाली दिवाकर पत्नी ललित, संतोष पत्नी धर्मवीर, रामसुमेरी पत्नी हरकेश, रजनी पत्नी रवि कुमार, प्राची विश्नोई पत्नी शेलेन्द्र, दिव्या सक्सैना पत्नी विशाल, उपासना पत्नी दीपक, ललिता देवी पत्नी रिंकू सक्सैना, मीना पत्नी विरेन्द्र, ज्योति पत्नी विनोद, रंजना पत्नी सचिन आदि कुल 25 निर्धनतम् परिवार/लाभार्थियों को पात्र गृहस्थी राशन कार्ड वितरित किए गये। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के आवेदकों द्वारा एसएसडीजी के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त पात्र पाये जाने पर माह अक्टूबर 2025 में महानगर मुरादाबाद में 2180 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 8277 यूनिट निर्धनतम् परिवारों को जारी किए गये हैं तथा माह अक्टूबर 2025 में 3555 संशोधित/नये राशन कार्डो के सापेक्ष 13744 यूनिट निर्धनतम् परिवारों को जारी किए गये हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 56 शिकायतों में 03 का मौके पर निस्तारण, शेष पर कार्रवाई के निर्देश।



जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पैमाईश, राशन वितरण, विद्युत, अतिक्रमण सहित विभिन्न प्रकार के 56 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित कराया गया और शेष शिकायतों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। भूमि विवाद के मामलों पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप पैमाइश करके विवाद का समाधान कराएं। भूमि विवाद के मामलों के समाधान को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। राशन वितरण के अंतर्गत राशन कार्ड में नई यूनिट जोड़ने, नवीन राशन कार्ड जारी करने अथवा राशन कार्ड निरस्तीकरण के दौरान विभागीय नियमों तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों का गंभीरता पूर्वक अनुपालन होना चाहिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए साथ ही विद्युत बिलों में अनियमितता के मामलों में भी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी में तहसील परिसर में भूलेख कक्ष के नवीनीकरण कार्य का भी जायजा लिया तथा तहसील प्रशासन द्वारा कराए गए कार्य की सराहना की।

# यूट्यूबर महक परी और ऑटो चालक के बीच थप्पड़बाजी, सड़क पर लगा जाम... राहगीरों ने किया बीच बचाव

यूट्यूबर महक परी और एक ऑटो चालक के बीच सड़क पर मारपीट का 36 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दोनों एक-दूसरे को गालियां और थप्पड़ मारते नजर आए। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। मुरादाबाद के चालक के बीच मारपीट का वीडियो सोशल करीब 36 सेकेंड का क्लिप सामने आया है। इसमें गालियां देते दिख रहे हैं।वीडियो में दिख रहा है हाथापाई में बदल गया। मौके पर बड़ी संख्या में जाम लगने से यातायात बाधित हो गया। कई बनाने में जुट गए।कुछ राहगीरों ने बीच-बचाव सही कारण वीडियो में स्पष्ट नहीं हो रहा है और मीडिया पर यह वीडियो कई लोगों ने शेयर किया राय भी वायरल होने लगीं। संबंधित पक्षों या गई है। कार बाइक से टकराई तो मचा था हंगामा पर अश्लील कंटेंट परोसकर विवादों में घिरीं संभल टकरा गई थी। इसके बाद दोनों बहनों ने जमकर को समझाकर मामला शांत कराया। हंगामा कर पर वायरल हुआ। जोया कस्बे के साप्ताहिक बाजार संभल के असमोली थानाक्षेत्र के गांव शहबाजपुर



दिल्ली रोड पर यूट्यूबर महक परी और ऑटो मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना का दोनों एक-दूसरे को बुरी तरह पीटते और कि सड़क पर दोनों का विवाद अचानक लोग जमा हो गए। भीड़ जुटने से सड़क पर राहगीरों ने मोबाइल से मारपीट की वीडियो कर दोनों को अलग किया। घटनास्थल का दोनों पक्षों का पक्ष सामने नहीं आया है। सोशल और घटनास्थल के आसपास की तस्वीरें व पुलिस की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी इससे पहले 18 अगस्त को सोशल मीडिया की यूट्यूबर महक व परी की कार बाइक से हंगामा किया। स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों रहीं महक व परी का वीडियो सोशल मीडिया परिसर में नुमाइश लगी हुई थी। देर शाम कलां निवासी यूट्यूबर बहनें महक व परी कार से मेले में आई थीं। लौटते समय उनकी कार एक बाइक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद चालक ने कार नहीं रोकी तो लोगों ने पीछा कर उसे घेर लिया। कार से चालक को उतार कर उसके साथ हाथापाई कर दी। इसके बाद दोनों बहनें महक व परी भी कार से उतर आईं और हंगामा शुरू कर दिया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। दोनों बहनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान किसी ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विवाद बढ़ता देकर स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत करा दिया। ऐसे लगा दोनों बहनों को चस्का- संभल के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर कलां निवासी मेहरूल निशा उर्फ परी और उसकी बहन महक ने मई 2024 में इंस्ट्राग्राम पर आईडी बनाई थी। शुरुआत में व्यूज नहीं मिले तो दो बार नाम बदला था। जब अमर्यादित कंटेंट बनाना शुरू किया तो व्यूज मिलियन्स में पहुंच गए और फॉलोवर्स की लाइन लग गई। यहीं से इन दोनों बहनों को ऐसा चस्का लगा कि समाज और महिला सम्मान की परवाह किए बिना लगातार अमर्यादित कंटेंट बनाने में लग गईं। जब गांव में इसका विरोध बढ़ा तो असमोली थाना पुलिस ने कार्रवाई की।

# प्रेमी के लिए मार डाला पतिः मैं घर आ रहा हूं... इतना सुन पत्नी ने आशिक को की कॉल;रास्ते में ही ले ली जान



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि कौशल की गोली मारकर हत्या की गई थी। मंडी समिति में पल्लेदारी करने वाले कौशल के पिता ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। यूपी के मुरादाबाद जिले के मझोला के करीब डेढ़ साल पुराने पल्लेदार कौशल हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। कौशल की हत्या में उसकी पत्नी पिंकी, पिंकी के प्रेमी सूरज और अजय उर्फ प्रमोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है है कि पिंकी और सूरज के प्रेम संबंध में कौशल बाधा बन रहा था जबकि अजय उर्फ प्रमोद के साथ कौशल ने मारपीट की थी। तीनों ने साजिश रचकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। सोमवार की शाम तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 20 जून 2024 की सुबह लाइनपार सूत मिल के पीछे मंदिर के पास मझोला के लाइनपार प्रीतम नगर निवासी कौशल (27) का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि कौशल की गोली मारकर हत्या की गई थी। मंडी समिति में पल्लेदारी करने वाले कौशल के पिता ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने कौशल, उसकी पत्नी और परिवार के अन्य लोगों की कॉल डिटेल निकाली तो पता चला कि कौशल ने अपनी पत्नी का कॉल की थी। इसके बाद पत्नी पिंकी ने कुछ ही देर बाद सूरज नामक के युवक को कॉल की थी। सोमवार को पुलिस ने कौशल की पत्नी पिंकी, लाइनपार प्रीतम नगर निवासी सूरज और अजय उर्फ प्रमोद को गिरफ्तार किया है। अजय उर्फ प्रमोद ने पूछताछ करने में बताया कि कौशल की हत्या से डेढ़ माह पहले मंडी समिति में पल्लेदारी का काम करते कौशल से उसका झगड़ा हो गया था। तब कौशल ने अपने भाई को बुलाकर उसकी पिटाई की थी और उसे काम से भी हटवा दिया था। तब अजय उर्फ प्रमोद ने सूरज से संपर्क किया। सूरज और पिंकी के बीच प्रेम संबंध चल रहे थे। यह दोनों कौशल को अपने रास्ते से हटाना चाहते थे। तीनों ने मीटिंग की और कौशल की हत्या की साजिश रच ली थी। 19 जून की रात आढ़त के मुनीम के घर पर कार्यक्रम था, जिसमें कौशल खाना बनाने गया था। देररात में वहां से लौटने से पहले पिंकी को कौशल ने कॉल कर बताया था कि वह घर आ रहा है। पिंकी ने तुरंत इसकी जानकारी सूरज को दी। सूरज और अजय उर्फ अमित सूत मिल के पीछे पहुंच गए और उन्होंने कौशल की हत्या कर दी थी। इसके बाद मौके से भाग गए थे। सोमवार शाम पुलिस ने तीनों कोर्ट में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया है।

# बाइक फिसलने से युवक घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ डिलारी । डिलारी रोड पर बाइक फिसलने से युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिलारी में भर्ती कराया गया। थाना डिलारी क्षेत्र के जलढकिया



गांव के पास पेट्रोल पंप यह हादसा हुआ जिसमे थाना भोजपुर यददडेर वाला महोल्ला निवासी शोएब पुत्र मुजफ्फर अली बाइक पर सवार हो कर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई और वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। मौजूद भीड़ ने डायल 112 पर सुचना दी. सुचना पर पहुची डायल 112 पुलिस ने घायल युवक को एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डिलारी भर्ती कराया। घटना की सुचना मिलने पर उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए।

## संक्षिप्त समाचार

### इस लड़की से मैं शादी करुंगा...वरना जान से मार दूंगा, मंगेतर को इंस्टाग्राम पर भेजा मैसेज, सदमे में परिवार

मझोला क्षेत्र की युवती के मंगेतर को इंस्टाग्राम पर एक युवक ने कई मैसज भेजे। इसमें युवती के बारे में अपशब्द और वीडियो-फोटो भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई। युवती के पिता ने एक युवक पर शक जताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मझोला थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती के मंगेतर को किसी ने इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी दी। युवती के पिता का कहना है कि आरोपी ने उसकी बेटी के बारे में अपशब्द कहे। वीडियो और फोटो भेज दिए।पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और जान से मारने की धमकी देने में केस दर्ज किया है। मझोला थानाक्षेत्र के गागन तिराहे के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने दर्ज कराए केस में बताया कि वह परिवार के साथ पंजाब के मोहाली में रहकर नौकरी करता है।उसने जनवरी में अपनी बेटी का रिश्ता भगतपुर क्षेत्र में रहने वाले युवक के तय किया था। नवंबर माह में शादी होना तय हुआ। छह अगस्त 2025 को युवती और उसका परिवार अपने पैतृक घर आया था। इसके बाद युवती के पिता ने बेटी के मंगेतर और उसके परिवार से संपर्क किया और शादी की तारीख तय करने की बात कही। इसी दौरान मंगेतर ने बताया कि वह आपके पंजाब से लौटना का इंतजार कर रहा था। उसके पास इंस्टाग्राम पर किसी व्यक्ति ने मैसेज कर आपकी बेटी के बारे में बुरा भला कहा है। इसके अलावा उसने धमकी दी है अगर उस लड़की से उसकी शादी नहीं हुई तो उसे जान से मार देगा। आरोपी ने मंगेतर को भी जानकारी दी कि वह एक बार पहले भी लड़की का रिश्ता तुड़वा चुका है। युवती के पिता का शक है कि साढ़ू का लड़का यह सब कर रहा है। वह उसकी लड़की से शादी करना चाहता है। पिता का कहना है कि आरोपी इस हरकत की वजह से युवती और पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मझोला थाने की पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी के बारे में सही जानकारी निकाल रही है।

### यूपी में 400 करोड़ की टैक्स चोरीः दो मोबाइल नंबरों पर पंजीकृत करवाई 122 फर्जी फर्में, जांच में अफसर भी हैरान

राज्य कर विभाग ने 341 करोड़ की टैक्स चोरी की जांच में 22 नई फर्जी फर्मों का खुलासा किया है। यह फर्में आरोपी सौरभ मिश्रा की ईमेल जांच में मिलीं। बताया जाता है कि उसने 149 करोड़ का कारोबार दिखाकर 61 करोड़ की टैक्स चोरी की थी। अब तक 144 फर्जी फर्में पकड़ी जा चुकी हैं। टैक्स चोरी का आंकड़ा 400 करोड़ पार पहुंच गया है।341 करोड़ की टैक्स चोरी की जांच के बीच सोमवार को राज्य कर विभाग ने 22 और फर्जी फर्में पकड़ी हैं। टैक्स चोरी के मास्टर माइंड और मुजफ्फरनगर के सौरभ मिश्रा की ईमेल की जांच में यह फर्में मिली हैं। इन 22 फर्मे पर 149 करोड़ का कारोबार कर 61 करोड़ टैक्स चोरी की गई है। अब फर्जी फर्मों की कुल संख्या 144 हो गई है। जबकि टैक्स चोरी का आंकड़ा 400 के पार पहुंच गया है। प्रदेश की बड़ी जीएसटी चोरी की जांच में भ्रष्टाचार की परत दर परत उखड़ती जा रही हैं। अपर आयुक्त ग्रेड-1 अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों की टीमों ने सोमवार को भी लखनऊ के आरोपी मास्टर माइंड अंकित कुमार और मुजफ्फरनगर के सौरभ मिश्रा के ईमेल की जांच की।जांच के दौरान अधिकारियों को दिल्ली, बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल की 22 और फर्में प्रकाश में आई हैं। इस प्रकार बोगस फर्मों की संख्या बढ़कर 144 हो गई हैं। इन 22 फर्मों से आरोपियों ने 149 करोड़ के सामान का टर्नओवर किया गया है। इस हिसाब से टर्नओवर की धनराशि 1811 करोड़ की जगह बढ़कर 1960 करोड़ हो गई है। आशंका है कि जांच आगे बढ़ने पर जीएसटी चोरी का दायरा अभी और बढ़ेगा। पंजीयन कराने के लिए आरोपियों ने सीजीएसटी के सरल नियमों का फायदा उठाते हुए फर्जी अभिलेखों का प्रयोग किया है। इसके बाद आरोपियों ने फर्जी ई वे बिल और अभिलेखों के आधार पर केंद्र और राज्य सरकार को करोड़ों का चूना लगाया है। इस मामले में राज्य कर अधिकारियों ने विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों को भी लगाया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव स्तर से भी जांच की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है। हाईवे पर 24 और 25 अक्तूबर को लोहे से लदे दो ट्रकों को पकड़े थे।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

लेजर शो के जरिये उकेरी जाएगी श्रीराम की आकृति

# चौबारी मेला में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। रामगंगा चौबारी मेले को विशेष बनाने के लिए इस बार लेजर शो के जरिये भगवान श्रीराम की आकृति उकेरने की तैयारी है। इसके लिए मेला कमेटी



तैयारियां कर रही है। मेले की शुरुआत होने के साथ वहां पर दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। मेला अब अपनी रंगत में आने लगा है। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भक्त आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस बार भी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मेला कमेटी के सदस्य प्रदीप पांडेय ने बताया कि चौबारी मेले में दुकानें सजकर तैयार है। हरदोई से महिलाओं के श्रृंगार का सामान लेकर आए दुकानदार हरीश कुमार ने बताया कि इस बार मेले में पहले से बहुत दुकानें आ गई हैं। बताया कि उनके पास श्रृंगार से संबंधित सभी सामान है। लकड़ी का सामान लेकर फरीदपुर से आए सलमान ने बताया कि वह सजावट का सामान लेकर आए हैं, उनके पिता पहले मेले में दुकान लगाते हैं। कई साल से वह दुकान लगा रहे हैं। हर बार अच्छा काम होता है लेकिन इस बार 100वां मेला होने के चलते काम ग्राहक ज्यादा संख्या में यहां पहुंच रहे हैं। चौबारी मेले में कपड़ा बैंक शिविर कल- सीता रसोई समिति की ओर से पांच नवंबर को गंगा स्नान के अवसर पर चौबारी मेले में कपड़ा बैंक शिविर लगाया जाएगा। संस्था के प्रधान सेवादार पंकज अग्रवाल ने बताया कि शिविर में ग्रामीण भाई बहनों को निशुल्क कपड़े, बर्तन, रजाई, गद्दे, स्वेटर, कोट, जूते, चप्पल और खिलौने आदि बांटे जाएंगे। शिविर का उद्घाटन पर्यावरण एवं वन मंत्री डॉ अरुण कुमार करेंगे। सीता रसोई के सेवादार अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर चौबारी मेला रोड पर पशु आश्रम एवं गोशाला के बाहर लगेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह अध्यक्षता मे गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक गांधी सभागार का आयोजन किया गया। बैठक मे चीनी मिलो का संचालन, गन्ना क्रय केन्द्रो की स्थापना व संचालन, यातायात व्यवस्था, गन्ना तौल, इंडेंट निर्गमन एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। सभी चीनी मिलो ने संचालन की तिथि घोषित कर दी है। एल एच चीनी मिल 07 नवंबर, बरखेड़ा चीनी मिल 10 नवंबर, बीसलपुर चीनी मिल 22 नवंबर एवं पूरनपुर चीनी मिल 17 नवंबर से चलेगी। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद की सभी चीनी मिलो के लिये गन्ना सुरक्षण आदेश गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश के स्तर से जारी किया जा चुका। सभी चीनी मिलो को आदेश जारी होने के 15 दिन के अंदर क्रय केन्द्रो को लगाना है। किसी भी क्रय केंद्र के स्थान मे कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। सबसे पहले एल एच चीनी मिल चलने जा रही है जिसका इंडेंट 04 नवंबर 2025 को जारी किया जायेगा। चूंकि यह चीनी मिल शहर मे है इसलिए गन्ना यातायात की ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि पब्लिक को कोई परेशानी न हो। नो एंट्री का कड़ाई से पालन किया जाये। गन्ना दुलाई मे लगे सभी वाहनों पर दुर्घटना से बचने के लिये रिफ्लेक्टर लगाये जाये स ट्रको पर पीछे लाल कपड़ा 2म2 मीटर के साइज मे लगाया जाये। जिलाधिकारी द्वारा नोबेल शुगर बरखेड़ा के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिये कि वह यार्ड की व्यवस्था करे स कोई भी वाहन सडक पर न खड़ा किया जाये। सभी चीनी मिले समय से क्रय केंद्र स्थापित करे तथा सभी क्रय केन्द्रो पर पेयजल की व्यवस्था करे। बैठक मे वीरेंद्र सिंह ए आर टी ओ, विजय वर्धन तोमर सिटी मजिस्ट्रेट, दीपक चतुर्वेदी सी ओ सिटी, सी ओ ट्रैफिक, राघवेंद्र सिंह टी यस आई, राजेश चैधरी अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग,सभी चीनी मिलो के प्रतिनिधि, सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने प्रतिभाग किया।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में संपूर्णा नगर ने टनकपुर को हराया

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / श्री गुरु गोविंद सिंह ओपन फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरे दिन संपूर्णा नगर ने टनकपुर की टीम को पेनल्टी शूटआउट में एक गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश पा लिया यूनियन क्लब के द्वारा आयोजित दूसरा फुटबॉल टूर्नामेंट मझोला के चीनी मिल के रेलवे ग्राउंड पर खेला गया मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह दीपक फुलेरा बॉबी खोलिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया मैच के पहले हाफ मैं टनकपुर के खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल



सूझबूझ से 1 -0 से बड़त बना ली दूसरे राउंड में संपूर्ण नगर के खिलाड़ियों ने भी गोल कर एक-एक से खेल बराबरी पर ला दिया इसके बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे पर कई गोल करने की कोशिश की पर कीपर ने दोनों के प्रयास नाकाम कर दिए इससे मैच बराबरी पर सिटी बजाते ही रुक गया उसके बाद रेफरी द्वारा पेनल्टी शूटआउट का निर्णय लिया संपूर्ण नगर को 5-4 से जीत हासिल




हुई आयोजक प्रदीप शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे पहला मैच खटीमा और बनारस दूसरा सिंघाई और पीलीभीत की टीमों के बीच खेला जाएगा खेल मैदान पर दर्शकों का उत्साह चरम सीमा पर देखा गया

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का त्रिशूल एयर फोर्स स्टेशन पर हुआ चेंज ओवर

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का मंगलवार को बरेली के त्रिशूल एयरफ़ोर्स स्टेशन पर चेंज ओवर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की ओर से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह जी ने मा0 राष्ट्रपति को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी, अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा,







पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, के साथ साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य आदि भी उपस्थित रहे ।

# श्री हरि मंदिर मॉडल टाऊन में हनुमान जी का विधिवत हुआ पूजन व श्रृंगार

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मंगलवार को भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। सुबह के सत्र में मंदिर के पंडित सुनील शास्त्री के द्वारा श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन व श्रृंगार किया गया। भक्तजनों द्वारा मंगलवार को अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पधारते है और श्री हनुमान जी की पूजा करते है । शाम के सत्र में श्री हरि संकीर्तन श्री हरि संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की रसधारा बहाई गई जिस मे रवि छाबड़ा ने है दु:ख भंजन मारुति नंदन.........,संजय आनन्द ने



मंगल मूर्ति राम दुलारे..........,पंकज नेआज मंगलवार है ........,सचिन सेठी ने कीजे केसरी के लाल ..........और भाई सौरभ ने राम भी मिलेगे तुझे श्याम भी मिलेगे..........जतिन दुआ ने झूम झूम नाचे देखो भक्त हनुमान ........आदि आदि भजनों से सारा श्री हरि मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया। उसके बाद सभी उपस्थित भक्तजनों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और श्री हनुमान जी की सामूहिक आरती हुई, व शयन आरती के पाश्चात्य सभी भक्तजनों में भंडारा प्रसादी का वितरण हुआ। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि सामूहिक श्री हनुमान चालीसा व आरती विगत कई वर्षों से श्री हरि मंदिर प्रांगण में हो रही है,जिस में सभी आयु वर्ग में लोग सम्मिलित होते है, विशेष कर युवाओं का जागरूक होना विशेष है। आज के कार्यकम में मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा,सचिव रवि छाबड़ा,संजय आनन्द,गोविंद तनेजा,रंजन कुमार,हरीश लुनियाल, राजेश अरोरा,गिरीश आनन्द,संजीव अरोड़ा वा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा भी अपनी टीम के साथ शामिल रही। युवा मंडल के सदस्यों ने प्रसाद वितरण की सेवा की। समापन पर मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया और सभी भक्तजनों को भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। रवि छाबड़ा ने सभी भक्तों को गंगा स्नान वा कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कल कार्तिक मास में पिछले एक माह से चल रहे कार्यकम का विश्राम होगा।

## तहसील अमरिया के ग्राम हरदासपुर में गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुग्रन्थ साहिब और पांच प्यारो की अगुवाई में समूह संगत द्वारा निकाला गया नगर कीर्तन

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / तहसील अमरिया के ग्राम हरदासपुर में समूह संगत द्वारा आज सुबह 10 बजे से आरम्भ सिंह सभा गुरुद्वारा ग्राम प्रधान सुलिन्दर सिंह के डॉक्टर रंजीत सिंह, सुखविंदर सिंह , मलूक सिंह, रणजीत कुक्कू , हरजीत सिंह, बलवीर ,हरजिंदर सिंह,दलजीत सिंह गांव में नगर कीर्तन घुमाया जगह-जगह जलपान करने लिए फल फ्रूट की व्यवस्था गया था जो संगत के लिए



नगर कीर्तन का हरदासपुर से लेकर प्रांगण होते हुए सिंह ,डॉ करनैल सिंह, दलजिंदर सिंह सिंह, मलकीत सिंह के प्रांगण होते हुए पूरे गया पूरे गांव में के लिए संगत के का स्टॉल लगाया खाने पीने की व्यवस्था की गई थी नगर कीर्तन जगह-जगह रुक ट्ठरुक कर एक दूसरे की घरो की सुख शांति की अरदास भी कर रहे थे द्य 3 तारीख को सिह सभा गुरुद्वारा हरदासपुर मे श्री अखंड पाठ रखा गया था और आज नगरकीर्तन निकाला गया 5 तारीख को भोग पड़ेगा भोग के उपरांत कीर्तन दिवान सजेगा गुरु का लंगर अटूत बरतेगा।नगर कीर्तन में हजारों की भीड़ शामिल रही नगर कीर्तन का पूरे नगर व क्षेत्र में घूम कर पुनः सिंह सभा गुरुद्वारा हरदासपुर मे 2ः00 बजे समापन हुआ ग्राम हरदासपुर के अलावा क्षेत्र के कोलारा, कटईया पंडरी, दाढ़ी फार्म, धोबी घाट, बेलापुखरा, बिरहनी,भरापचपेड़ा, पंडरी कटैया आदि क्षेत्र के लोग भी शामिल रहे

## डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व एसपी अभिषेक यादव ने ब्रह्मचारी घाट का निरीक्षण किया, कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के लिए बैरिकेटिंग, गोताखोर, सफाई व बिजली व्यवस्था मजबूत; श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, ऐसा निर्देश।

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत जिले के थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ब्रह्मचारी घाट पर 4 नवंबर को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कार्तिक पूर्णिमा (5 नवंबर) व सघन निरीक्षण किया। महोदय ने गोताखोरों की तैनाती, साफ-सुरक्षा का जायजा लिया - सभी इंतजाम सुदृढ़ व प्रभावी



देव दीपावली के दृष्टिगत घाट पर बैरिकेटिंग, सफाई, बिजली व्यवस्था व संबंधित अधिकारियों को रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि भीड़ प्रबंधन व जल सुरक्षा पर फोकस, जबकि एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता, सौहार्दपूर्ण व्यवहार व पूर्ण संवेदनशीलता से कर्तव्य निभाने को कहा। उपस्थित रहे- पजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली/सुनगढ़ी। यह निरीक्षण जिले के धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा को मजबूत करने का हिस्सा, जहां ब्रह्मचारी घाट गंगा स्नान व पूजा के लिए प्रसिद्ध है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी जिला जेल का 148 करोड़ की लागत से हुआ नवीनीकरण, अब बंदी होंगे शिफ्ट

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। 148 करोड़ रुपये की लागत से सिविल लाइंस स्थित पुरानी जिला जेल संवारने का काम पूरा हो गया है। जेल में 2579 बंदियों के रहने की क्षमता वाले



बैरक तैयार किए गए हैं।बीते दिनों सीडीओ देवयानी के निरीक्षण के बाद जेल को गृह विभाग को हैंडओवर करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके बाद केसरपुर स्थित सेंट्रल जेल-2 से विचाराधीन बंदियों को यहां शिफ्ट किया जाएगा। करीब 10 साल पहले कचहरी के पास स्थित जिला जेल को केसरपुर में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद काफी समय तक जेल बंद रही। कुछ साल पहले पुरानी जेल को संवारने की कवायद शुरू हुई। बताते चलें कि लोक निर्माण विभाग की 68.15 एकड़ जमीन में बनी इस जेल के लिए 172 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था। जेल में तीन तरह के कार्य पुराने हिस्सों को ध्वस्त कर नव निर्माण, मरम्मत और नए हिस्सों का निर्माण किए गए। अब जेल की क्षमता बढ़कर 2579 हो गई है, जो पहले 1185 थी। हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होते ही जेल में बंदियों को शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो जाएगी।

### बरेली होकर जाने वाली 10 विशेष ट्रेनें होंगी नियमित, किराया कम होने से यात्रियों को मिलेगी राहत

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। यहां से गुजरने वाली लंबी दूरी की पांच जोड़ी यानी अप-डाउन 10 विशेष ट्रेनों को नियमित का दर्जा देने के लिए रेलवे ने कवायद शुरू कर दी है। इन गाड़ियों को एक से दो साल पहले विशेष के रूप में चलाया गया था, लेकिन भरपूर सवारियां



मिलने के कारण संचालन बंद नहीं किया गया। नियमित का दर्जा मिलने के बाद इन ट्रेनों में किराया भी कम हो जाएगा। विशेष गाड़ी के रूप में संचालित होते हुए 09076-75 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं। 05074-73 लालकुआं-बंगलूरू साप्ताहिक विशेष गाड़ी को भी एक साल होने वाला है। सामान्य दिनों में इन दोनों ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव 70 से 90 फीसदी तक रहता है। वहीं 04518/17 चंडीगढ़-गोरखपुर-चंडीगढ़, 04211-12 वाराणसी-चंडीगढ़-वाराणसी, 04313-14 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर-हरिद्वार को भी काफी समय से विशेष के रूप में संचालित किया जा रहा है। नियमित ट्रेनों में सीटें ज्यादातर फुल रहती हैं। इन विशेष गाड़ियों पर भी यात्रियों का काफी दबाव बना रहता है। इस कारण रेलवे ने इन्हें नियमित करने की कवायद शुरू की है। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक इमरान ने बताया कि फिजिबिलिटी के आधार पर विशेष ट्रेनों को नियमित करने की प्रक्रिया उच्च स्तर पर चल रही है। जल्द कुछ गाड़ियों को नियमित किया जा सकेगा। ट्रेनों में सामान्य कोचों की संख्या कम होने के कारण यात्री पायदान पर बैठकर और लटककर यात्रा कर रहे हैं। महिला और दिव्यांग कोचों में भी भीड़ हो रही है। बरेली होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों में रेलवे ने सामान्य श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए हैं, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहे हैं।

### किशोरी के साथ मारपीट करने में चार पर केस

क्यूँ न लिखूँ सच/ डिलारी।क्षेत्र के गांव हंसुपुरा निवासी शारदा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया । आरोपी एक नवंबर को सांय साढ़े चार बजे की है। पीड़िता अपनी पुत्री सोनी के साथ घेर में जा रही थी।रास्ते में खड़े आरोपी वेदपाल ,मिथलेश,मंदीप व हंसराज गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी मारपीट करते हुए पीड़ित की पुत्री सोनी को खींच कर अपने घर ले गए । वहां उन्होने उसे मारपीट कर घायल कर दिया । पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# सीएम योगी सौंपेंगे माफिया मुख्तार से खाली कराई गई जमीन पर बने फ्लैट की चाबी, इन जगहों पर हुआ निर्माण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में 72 आवंटियों को फ्लैट की चाबी सौंपेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को हजरतगंज केडालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को सौंपेंगे। सीएम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे। यह फ्लैट सरदार कुल संख्या 72 हैं। इन फ्लैट्स की कीमत हुई।ग्राउंड प्लस श्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक में 36.65 कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माफिया के कब्जे से अवैध भूमि को खाली हजरतगंज के पॉश इलाके डालीबाग में माफिया सीएम योगी के निर्देश पर एलडीए की ओर से गए।डालीबाग में अवैध कब्जे से खाली करायी भाई पटेल आवास योजना लांच की। एलडीए में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू



जमीन पर बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट की चाबी आर्थिक रूप से योगी डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के तहत बनाए गए हैं। इनकी 10.70 लाख रुपये है, मंगलवार को लाटरी की प्रक्रिया संपन्न वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनाए गए 72 फ्लैट एलडीए वीसी प्रथमेश की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश भर में अभियान चलाकर कराया गया था। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मुख्तार के कब्जे से अवैध जमीन को मुक्त कराया गया था। इसके आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए गयी लगभग 2,322 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ वीसी ने बताया कि योजना में ग्राउंड प्लस श्री स्ट्रक्चर के 3 ब्लॉक बनाये गये हैं। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है। 20 मीटर अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये रखी गयी है। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। यहां पर बाह्य विकास कार्य जैसे रोड और पार्क का निर्माण भी किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को लॉटरी प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को डीजीपी आवास के सामने एकता वन में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाबी सौंपेंगे। 8000 लोगों ने किया आवेदन- सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। सोमवार को पंजीकरण अवधि समाप्त होने तक लगभग 8000 लोगों ने पंजीकरण कराया।

# हर-हर शंभू... पर थिरकेंगी रोशनी की लहरें, देव दीपावली पर 200 मीटर ऊंचाई तक 10 मिनट तक होगी आतिशबाजी

वाराणसी में देव दीपावली को लेकर देश- विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। गंगा घाटों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। गंगा पार रेत पर कोरियोग्राफ और सिंक्रोनाइज ग्रीन क्रैकर शो होगा।देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। शिव भजनों वाला ग्रीन एरियल फायर क्रैकर शो रात 8 बजे शुरू शिवा... जैसे भजनों की ताल पर डमरुओं की थाप वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र पार रेती का क्षेत्र कोरियोग्राफ और सिंक्रोनाइज ग्रीन नजर आएगा। यह शो श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा फायर वन फायरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रस्तुत किया स्ट्रेच पर होनी वाली आतिशबाजी के पटाखे 200 रंगीन प्रकाश घाटों, गंगा की लहरों और दूर-दूर तक बात यह है कि यह आतिशबाजी ग्रीन क्रैकर्स से के ऊपर के आसमान को रंग-बिरंगी किरणों से सजाएगा। दिखेंगी, तब संपूर्ण काशी एक दिव्य स्वप्न लोक जैसी दिव्य थ्रीडी शो देव दीपावली पर चेतसिंह घाट पर 25



दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो की धुन पर करीब 10 मिनट तक चलने होगा। हर-हर शंभू, शिव तांडव और हे शिवा और सतरंगी रोशनी के संगम से घाटों का मोदी देव दीपावली को लाइव देखेंगे।गंगा क्रैकर्स शो की रंगीन रोशनी से नहाया हुआ द्वार के सामने होगा, जो आधुनिक तकनीक जाएगा। करीब एक हजार फीट लंबी रेत के मीटर ऊंचाई तक रोशनी बिखेरेंगे। इनका फैले क्षेत्र को आलोकित कर देगा। खास होगी।लेजर शो भी पूर्णिमा की रात में गंगा जब ये किरणें गंगा के जल पर झिलमिलाती प्रतीत होगी25 मिनट का काशी कथा का मिनट का 'काशी कथा' थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग व लेजर शो होगा। यह शो एक घंटे के अंतराल पर तीन बार रात 8ः15, नौ और 9ः35 बजे तक होगा। इस भव्य थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से काशी आने वाले पर्यटक धार्मिक और सांस्कृतिक यात्रा के साक्षी बनेंगे। शो की शुरुआत शंखनाद और डमरू की गूंज से होगी। इसके बाद भगवान शिव-पार्वती विवाह, भगवान श्रीहरि विष्णु के चक्र पुष्करिणी कुंड, भगवान बुद्ध के धर्मोपदेश, संत कबीर और गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति परंपरा और महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना तक की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने किया ककोड़ा मेले का उद्घाटन, गंगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

रुहेलखंड का मिनी कुंभ कहा जाने वाला मेला ककोड़ा का मंगलवार को विधिवत उद्घाटन हो गया। धार्मिक मेले में जनसैलाब उमड़ा है। कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु गंगा में पावन स्नान करेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन ने कादरचौक में प्रसिद्ध मेला ककोड़ा का मंगलवार को विधिवत प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों और दिया।कार्तिक पूर्णिमा पर मुख्य स्नान पर्व से पूर्व ही गंगा तट पर मंगलवार को सुबह से ही दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग ट्रैक्टर-पूरा मेला परिसर %हर हर गंगे% के जयकारों से गूंज उठा। बुधवार स्नान करने की संभावना जताई जा रही है।उद्घाटन कार्यक्रम के विधायक हरीश शाक्य, विधायक महेश चंद्र गुप्ता, निवर्तमान विधायक जनप्रतिनिधि जितेंद्र यादव, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के विशेष इंतजाम प्रशासन की ओर से मेले में सुरक्षा और गंगा किनारे तैराक और जल पुलिस तैनात की गई है। गंगा में गया है ताकि कोई गहराई की ओर न जा सके। पीएसी और पुलिस से भी मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रदर्शनी, सांस्कृतिक पंडाल और मंगलवार को प्रदर्शनी, सांस्कृतिक मंच और स्काउट कैंप का भी रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा गया। मेले में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के



पुख्ता इंतजाम करने के दावे किए हैं। बदायूं के शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने दीप अधिकारियों ने गंगा आरती कर आस्था का संदेश श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। ट्रॉलियों, बसों और निजी वाहनों से पहुंचते रहे। को मुख्य स्नान पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं के गंगा दौरान भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दुर्विजय सिंह शाक्य, धर्मेंद्र शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बल्लियां लगाकर स्नान क्षेत्र को सीमांकित किया बल लगातार निगरानी में जुटे हैं, वहीं ड्रोन कैमरों स्काउट कैंप भी बने आकर्षण का केंद्र मेले में उद्घाटन किया गया। शाम होते-होते गंगा तट अलावा कई श्रद्धालु अपने परिवार के साथ बैलगाड़ी से यहां पहुंचे हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर भी- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मेले में विशाल मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें श्रद्धालु 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर को सुसज्जित करने में कार्यकर्ता दिनभर जुटे रहे और उद्घाटन के साथ ही मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। जिला पंचायत की ओर से मेले की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए विशेष तैयारी की गई है। हर दिशा में प्रशासनिक अमला मुस्तैद दिखाई दिया ताकि मिनी कुंभ कहे जाने वाले ककोड़ा मेले में कोई अव्यवस्था न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने गर्दन काटकर की पत्नी की हत्या, 12 हजार में लिया किराए का साथी, ये राज खुलने पर की वारदात

मुजफ्फरनगर के चरथावल निवासी इमाम शहजाद ने ही पत्नी यासमीन की गर्दन काटकर हत्या की थी। उसका लावारिस शव मेरठ के सिवालखास में मिला था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले



का खुलासा कर दिया। जानी थाना पुलिस ने सिवालखास के जंगल में 17 सितंबर को हुई अज्ञात महिला की हत्या का खुलासा कर दिया। मृतका की पहचान नईमा यासमीन के रूप में हुई है, जो असम की रहने वाली थी और वर्तमान में मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल थाना क्षेत्र के नगला सैद में अपने पति इमाम शहजाद के साथ रह रही थी। मस्जिदों में इमाम का कार्य करने वाले पति शहजाद ने ही अपने साथी नदीम अंसारी के साथ मिलकर नईमा यासमीन की हत्या की थी।एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने बताया कि दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। नईमा यासमीन को पता नहीं था कि शहजाद मस्जिदों में इमाम का कार्य करता है। वह खुद को कपड़ा व्यापारी बताया था। सात महीने पहले दोनों ने शादी की थी। मुजफ्फरनगर जाकर पता चला कि शहजाद पहले से ही शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। शहजाद पांचवीं पास था जबकि असम के डिब्रूगढ़ निवासी नईमा यासमीन ग्रेजुएट थी और एक मल्टी नेशनल कंपनी में काम कर चुकी थी। शहजाद की सच्चाई सामने आने पर दोनों में विवाद रहने लगा था। इसलिए शहजाद ने उसे अपने रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 17 सितंबर को वह अपने साथी नदीम अंसारी के साथ उसे लेकर मेरठ के जानी क्षेत्र में पहुंचा। दोनों ने सवाल खास के जंगल में उसकी गर्दन काटकर हत्या कर दी। शहजाद ने अपने साथी नदीम अंसारी को हत्या में सहयोग करने पर 12 हजार रुपये दिए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### बाइक के आगे हाथ जोड़ खड़े हुए पुलिसवाले: मोटरसाइकिल की टंकी पर बैठे थे दो बच्चे, सीट पर चार; ड्राइवर था सातवा

दीपदान पर्व पर हाईवे पर भीड़ के दौरान युवक बाइक की पेट्रोल की टंकी पर दो बच्चों को बैठाए हुए था। इसके अलावा अपने पीछे भी चार बच्चे सीट पर बैठाकर उन्हें पलवाड़ा चैक पोस्ट से गांव बलवापुर की



तरफ ले जा रहा था। यूपी के हापुड़ में कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान बुधवार को गंगानगरी में पलवाड़ा चेक पोस्ट पर ( मेला मार्ग ) पर पुलिस और यातायात कर्मी उस समय हैरत में पड़ गए, जब उन्होंने बाइक सवार युवक को अपने साथ छह बच्चों को बाइक पर बैठाकर ले जाते देखा। पेट्रोल की टंकी पर दो बच्चे तो पीछे सीट पर बैठे थे चार - दीपदान पर्व पर हाईवे पर भीड़ के दौरान युवक बाइक की पेट्रोल की टंकी पर दो बच्चों को बैठाए हुए था। इसके अलावा अपने पीछे भी चार बच्चे सीट पर बैठाकर उन्हें पलवाड़ा चैक पोस्ट से गांव बलवापुर की तरफ ले जा रहा था। पुलिसवालों ने हाथ जोड़कर समझाया- पुलिसकर्मी उसे देखकर हैरत में पड़ गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस व यातायात कर्मियों ने उसे रोक लिया। जिन्होंने पहले तो हाथ जोड़कर उसे समझाया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि इस तरह यातायात के नियमों का खुला उल्लंघन अपराध तो है ही। वहीं, अपना और दूसरों का जीवन भी संकट में डालना है। काटा गया सात हजार का चालान- पुलिसकर्मियों ने बच्चों को बाइक से उतरवाकर दूसरे वाहन से आगे के लिए भेजा। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि बाइक चालक को चेतावनी देने के साथ ही सात हजार रुपये का चालान किया गया है।

# शाहजहांपुर में सनसनीखेज वारदात, पिता ने नाबालिग बेटी को पीट-पीटकर मार डाला; इस बात से था खफा

शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। उसने अपनी नाबालिग बेटी की हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र के गांव सुतनेरा में 17 वर्षीय किशोरी की उसके पिता ने पीटकर हत्या कर दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच की बात सामने आई है। एसपी ने मौके करीब दस बजे की है। बताते हैं कि रहा था। पिता के कई बार मना करने के करती रही। आरोपी पिता ने उसे फोन बेरहमी से पीटा दोनों में कहासुनी बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच और परिजनों से पूछताछ की। एसपी की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पड़ा मिला। मौके से डंडा भी बरामद



में प्रेम-प्रसंग के चलते वारदात को अंजाम देने पर जाकर पड़ताल की है।घटना मंगलवार सुबह गांव के युवक से किशोरी का प्रेम-प्रसंग चल बावजूद किशोरी नहीं मानी। वह प्रेमी से बात पर प्रेमी बात करते हुए पकड़ लिया था।डंडे से हुई। इसी से नाराज पिता ने बेटी को डंडे से मौत हो गई। सूचना पर इंस्पेक्टर राजीव सिंह की। उसके बाद एसपी राजेश द्विवेदी भी पहुंचे ने बताया कि पिता द्वारा पुत्री की हत्या करने पर पहुंची। घर के बरामद में किशोरी का शव कर लिया है। घटना की जांच कराई जा रही है।

# बिहारपुर क्षेत्र के गांव अंधेरे में, बिजली नहीं पहुंची – फसल नुकसान समेत समस्याओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच/ सूरजपुर/बिहारपुर। बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधा बिजली से वंचित हैं। वर्षों से बिजली सप्लाई शुरू न हो पाने से परेशान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का धैर्य अब टूटने लगा है। इसी गंभीर समस्या के साथ हाल ही में लगातार हुई बारिश से किसानों की धान की फसल बर्बाद होने के विषय को लेकर आज क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के सरपंच जिला कार्यालय



सूरजपुर पहुँचे तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उमझर, करौटी ए, खैरा समेत लगभग दो दर्जन गांवों में आज तक बिजली की लाइन तक नहीं पहुंचाई गई है। ग्रामीण अंधेरे में जिंदगी गुज़ारने को मजबूर हैं। विभाग द्वारा प्रदत्त सोलर पावर प्लांट और होम लाइट भी अधिकतर गांवों में बंद पड़े हैं, जिससे जनता और भी समस्याओं का सामना कर रही है। इधर, भारी बारिश से धान की खड़ी फसल में पानी भर गया है और खेतों में फसल सड़ने लगी है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का त्वरित सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किए जाने की पुरजोर मांग की। जनप्रतिनिधियों ने चेताया कि यदि बिजली आपूर्ति एवं किसानों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर बाध्य होंगे। कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में उमझर, करौटी ए, खैरा एवं आसपास के पंचायतों के सरपंच कलेक्टर के पास ज्ञापन सौप

# सरेआम मारपीट करने वाले 03 वांछित/ अभियुक्तगण गिरफ्तार व बरामद 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर

क्यूँ न लिखूँ सच/ शैलेंद्र कुमार पांडेय / मु0अ0सं0- 413/2025 धारा 109/191(2)/131/352/ 324(4)/ बी0एन0एस0 व तमंचा 12 बोर कायमी मु0अ0सं0 आर्म्स एक्ट थाना बहराइच पुलिस बहराइच द्वारा पूर्व की गिरफ्तारी हेतु के क्रम मे अपर महोदय क्षेत्राधिकारी निर्देशन में मदनलाल के उ0नि0 संजीव हमराह उ0नि0




351(3) 01 अदद नाजायज बरामद होने पर 426/25 धारा 3/25 रामगांव जनपद अधीक्षक महोदय, से वांछित अभियुक्तों दिये गये दिशा निर्देश पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व महोदय महसी के थानाध्यक्ष श्री कुशल नेतृत्व में कुमार द्विवेदी मय अमित गोंड व ।।ष्ट अमरजीत व का0 धर्मेन्द्र सरोज व ।।ष्ट ओमनाथ पटेल के द्वारा आज दिनांक 04.11.2025 को अभियुक्तगण 1. शहजाद आलम पुत्र शेर बहादुर उर्फ अली बहादुर उम्र करीब 20 वर्ष 2. रियाजुद्दीन पुत्र शेर बहादुर उर्फ अली बहादुर उम्र करीब 31 वर्ष 3. मुन्ना उर्फ अब्दुल हफीज पुत्र अब्दुल अजीज उम्र करीब 36 वर्ष निवासीगण ग्राम पडोहिया थाना रामगांव जनपद बहराइच को हरेरापुल के पास से समय करीब 06.10 बजे मुखबिर खास की सूचना पर हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारी के समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### वती को घुमाने ले गया हैप्पी, बारिश होने के बाद होटल में रुके, युवक ने कर दिया ऐसा काम..शर्म से मर गई वो

कटघर की रहने वाली युवती ने युवक पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि युवक ने उसके साथ जबरन संबंध बनाए। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।कटघर थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। कटघर थानाक्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने कटघर के पीतलनगरी निवासी हैप्पी पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कराया है।जिसमें पीड़िता ने बताया कि वह वाहन एजेंसी में सेल्स का काम देखती है। करीब दो साल पहले हैप्पी पांडेय एजेंसी में बुलेट खरीदने गया था। इसी दौरान उसने युवती का नंबर ले लिया था। इसके बाद आरोपी उससे कभी कॉल तो कभी व्हाट्सएप कॉल करने लगा।इसके बाद आरोपी ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया। आरोपी ने कहा कि उसने अपने घर में भी बात कर ली है। कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बनाए संबंध पीड़िता ने बताया एक दिन आरोपी पीड़िता को बाहर घुमाने के बहाने बरेली ले जा रहा था। रास्ते में बारिश होने पर दोनों होटल में रुक गए। इसके बाद आरोपी ने युवती को कोल्ड ड्रिंक पिला दी जिससे वह बेहोश हो गई। पीड़िता ने बताया कि होश में आई तो उसके पास में हैप्पी पांडेय बैठा था जबकि उसके कपड़े अस्त व्यस्त थे। पीड़िता के पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने शारीरिक संबंध बनाए हैं। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने उससे विश्वास दिलाया कि वह उससे ही शादी करेगा। इस बीच वह दो बार गर्भवती हो गई। आरोपी ने शादी करने का विश्वास दिलाकर गर्भपात करवा दिया। अब भी आरोपी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की ज रही है। छात्रा से छेड़खानी, सोशल मीडिया पर वायरल किए फोटो दूसरी घटना में मझोला थानाक्षेत्र में रहने वाली 12 की छात्रा से चार युवकों ने छेड़खानी की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके फोटो खींच लिए और उन पर आपत्तिजनक बातें लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। ड़ित छात्रा ने मझोला थाने में डिडौरा गांव निवासी सद्दाम, आलम, अजहर और अमरजीत के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, धमकी देने और आईटी एक्ट में केस दर्ज कराया है जिसमें पीड़िता ने बताया कि वह 12वीं की छात्रा है। कॉलेज आते-जाते समय आरोपी उसके साथ छेड़खानी करते हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसके फोटो खींच लिए।पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने 31 अक्तूबर को उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण एवं विधिक शिविर का शुभारम्भ किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारुल पँवार ने दिनांक 04.11.2025 को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण एवं विधिक शिविर किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारुल चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जा सकें। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त प्ली बार्गेनिंग हुये अपर जिला जज/सचिव श्रीमती पारुल पँवार ने प्रथम एलएडीसी श्री अभिषेक पाठक ने बताया कि कमजोर वर्गों को मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करता है



का शुभारम्भ किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को के अधिकारीगण मौजूद थे। निरीक्षण में अपर जिला जज/ पँवार ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक विषय पर विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते शिविर का शुभारम्भ किया। उक्त शिविर में असिस्टेंट-भारत के संविधान का अनुच्छेद 39 समाज के गरीब और और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है । संविधान के अनुच्छेद 14 और 22(1) भी राज्य के लिए कानून के समक्ष समानता और सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य बनाते हैं। साथ ही प्ली बार्गेनिंग दलील सौदेबाजी की अवधारणा इस विचार पर आधारित है कि इससे लंबी सुनवाई से बचकर न्यायालय प्रणाली के लिए समय और संसाधनों की बचत हो सकती है, तथा इससे अभियोजन पक्ष और आरोपी व्यक्ति दोनों को कुछ लाभ मिल सकता है। भारत में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2005 के माध्यम से प्ली बार्गेनिंग की शुरुआत की गई थी। उक्त शिविर में डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम श्री उमेश कुमार मिश्रा सहित दर्जनों बन्दीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर कारापाल श्री प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उपकारापाल श्री अमर सिंह व श्री रामलखन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# आबद्व प्रशिक्षण प्रदाता सोनित ग्रुप ऑफ स्ट्डीज ऐजुकेशनल सोसायटी द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन माननीय सदर विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा फीता काटकर किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, योजना के अन्तर्गत मिशन में आबद्व प्रशिक्षण प्रदाता सोनित ग्रुप ऑफ स्ट्डीज ऐजुकेशनल सोसायटी द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन माननीय सदर विधायक श्री गौरी सदर विधायक द्वारा माँ सरस्वती जी कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सदर सम्बोधित करते हुए कहा कि ''प्रत्येक उस के ज्ञान के आधार पर उसे प्राप्त होगी, आज के वर्तमान व्यवसाय सेक्टर के अन्तर्गत फैशन डिजायनिंग अहम भूमिका अदा करेगा क्योकि यही एम0आई0एस0 मैनेजर श्री भारत कुमार बारें में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ''कौशल ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त हेतु प्रशिक्षण प्रदाता सोनित ग्रुप ऑफ श्री नितिन वर्मा द्वारा माननीय विधायक




शंकर वर्मा फीता काटकर किया गया। माननीय की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। विधायक जी ने उपस्थित प्रतिभागियों को व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिए तथा जीवकोपार्जन हेतु व्यवसाय अथवा नौकरी के अनुरूप इस प्रशिक्षण केन्द्र पर अपेरल का कोर्स प्रतिभागियों को रोजगार दिलाने में समय की मांग है''। कार्यक्रम में उपस्थित शर्मा द्वारा संचालित हो रहे प्रशिक्षण कोर्स के गयी, साथ ही साथ प्रतिभागियों का सफलता की सीढ़ी है जो किसी को भी नयी बनाती है''। कार्यक्रम की याद संजोय रखने स्ट्डीज ऐजुकेशनल सोसायटी के डायरेक्टर जी एवं एम0आई0एस0 मैनेजर श्री भारत कुमार शर्मा को स्मृतिचिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी संस्था के हेड़ एवं उनकी टीम एम0आई0एस0 मैनेजर भारत कुमार शर्मा श्री उमेश सिंह, व प्रशिक्षण प्रदाता के समस्त प्रशिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चाचा के अंतिम संस्कार से पहले भतीजे की मौत, रोडवेज बस ने कुचला; हादसा देख पत्नी हुई बदहवास

बदायूं के उझानी क्षेत्र में बाइपास पर मंगलवार दोपहर के वक्त दर्दनाक हादसा हो गया। रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसकी पत्नी और बेटी मामूली रूप से घायल हो गईं। युवक मासूम बेटी को दवा दिलाकर घर लौट रहा था। बदायूं के उझानी क्षेत्र में दो साल की मासूम बेटी को दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहे दंपती गई। वह हेलमेट भी नहीं लगाए थे। राहगीरों ने घायल महिला व मासूम बेटी का हादसे में जिस युवक की जान गई। उसके चाचा की मौत सोमवार को हो गई थी। परिजन मंगलवार अपराह्न करीब दो बजे बाइपास पर संतोष कुमारी श्रवण कुमार विद्या मंदिर दो वर्षीय बेटी प्रियांशी को दवा दिलाने के लिए उझानी आए थे। साथ में पत्नी रजनी ( पत्नी और बेटी छिटककर सड़क पर जा गिरीं। बस के पहिये से कुचला सिर प्रत्यक्षदर्शियों उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे राहगीरों और इलाके के पुलिसकर्मियों ने बस चालक को पकड़ लिया। बस अलीगढ़ डिपो की है। एंबुलेंस के को मृत घोषित कर दिया। घायल रजनी और उसकी बेटी का प्राथमिक उपचार किया पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाने में देर कर दी। पुलिस है।चाचा के अंतिम संस्कार से पहले गई उमेश की जान रोडवेज बस की टक्कर से मृत




को सामने से आ रही रोडवेज बस ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो प्राथमिक उपचार कराया। उधर, बस चालक को कछला चौकी के पास पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। उनका अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। हादसे की खबर मिली तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। हादसा कॉलेज के पास हुआ। सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव होतीपुर निवासी उमेश यादव ( 30 वर्ष ) अपनी 28 वर्ष ) भी थीं। लौटते समय रोडवेज बस की टक्कर लगते ही उमेश बस के पहिये के नीचे आ गए। के मुताबिक, हेलमेट नहीं लगाए होने की वजह से उमेश का सिर कुचल गया। काफी खून बह जाने से लोगों को आता देख चालक रोडवेज बस कछला की ओर दौड़ ले गया। कछला में चौकी के सामने जरिये घायल महिला समेत तीनों को अस्पताल लाया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. आकांक्षा निधि ने उमेश गया। सूचना के बाद मृतक के परिजन भी रोते-बिलखते पहुंचे गए। घायल रजनी ने बताया कि मौके पर एंबुलेंस का इंतजार करती रही। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भेज दिया बाइक सवार उमेश यादव के कुनबे के रिश्ते में चाचा की सोमवार शाम मृत्यु हो गई थी। पिता और भाइयों समेत परिवार के लोग उनका अंतिम संस्कार करने के लिए कछला चले गए। उमेश की मासूम बेटी प्रियांशी को तेज बुखार था, इसलिए वह पत्नी के साथ उसे दवा दिलाने के लिए उझानी चले पड़े। छोटे भाई राजेश ने बताया कि चाचा का अंतिम संस्कार पूरा होने से पहले ही हादसे के बारे में जानकारी मिली तो परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। उमेश तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी तीन संतान में एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

# 'Cast me...' This Bollywood actress wanted to play a wrestler in Sultan, but was rejected for this reason.



Almost everyone knows that before Anushka Sharma, Mrunal Thakur was initially approached to star opposite Salman Khan in the movie Sultan. But did you know that another Bollywood actress also wanted to play this role? However, the director rejected her. Read on to find out more. Sultan was a 2016 superhit movie directed by Ali Abbas Zafar - Anushka Sharma played a wrestler. Sultan was a blockbuster movie of 2016. Salman Khan and Anushka Sharma played the lead roles in the film. Both played the role of wrestlers. Produced by Aditya Chopra, Sultan is still considered a classic cult film in cinema. This film further enhanced Salman Khan's stardom and also boosted Anushka Sharma's career. But before this role reached Anushka, many actresses were eager to work in this movie. One of them is a Bollywood actress who was rejected by the producer. Why was Swara Bhaskar rejected from Sultan? This actress is Swara Bhaskar. In a recent interview, the actress spoke about being rejected from Sultan. She revealed how much she struggled as an outsider. In a conversation with Bollywood Bubble, Swara Bhaskar said, "I said, 'I think sir (Aditya Chopra), you should cast me. I will make a very good wrestler.' He said, 'No, I don't think so, Swara.'" I said, 'Okay.'" Swara Bhasker further added, "Look, if we are too polite and hesitant, we won't get work. We are outsiders, right? I didn't have anyone who could call and recommend me. Whatever I have achieved, I have either fought for it or earned it myself – however it came my way." Never felt ashamed to ask for work: Swara Bhasker revealed that she never felt embarrassed to ask for work in the industry. She said, "I have never felt ashamed to ask anyone for work. I think it's perfectly fine. I should ask for work. I may not enjoy doing that particular work, but I still do it because I believe that nobody should have such inhibitions. I always say, 'I would love to work with you. Please cast me, please consider me.' But since I got pregnant, I haven't asked anyone for work."

# Alpha's Release Date Postponed: Makers of Alia Bhatt's Spy Thriller Take a Big Decision

Everyone is eagerly awaiting the release of actress Alia Bhatt's spy thriller film Alpha, but that wait is now going to be a little longer. The makers have changed the release date of Alpha. Let's find out when this Yash Raj Films movie will now be released. Alia Bhatt's next film is the spy thriller Alpha. Yash Raj Films changes Alpha's release date. Bobby Deol plays an important role in the film. Under the banner of Yash Raj Films, Bollywood actress Alia Bhatt's upcoming film Alpha is being produced. It is a spy thriller movie, in which many other stars besides Alia are playing important roles. Alpha was supposed to be released in theaters on the upcoming Christmas, December 25th. But now the makers have changed its release date and the release of Alpha has been postponed. So let's find out why the makers took this decision and on which day Alpha will now hit the theaters. Alpha's Release Date Changed: In 2024, Alia Bhatt was seen in the film Jigra. Since then, everyone has been waiting for the release of Alia's upcoming movie Alpha, which will now be delayed further. Based on official information, Yash Raj Films' much-awaited action entertainer 'Alpha', which is headlined by Alia Bhatt, will now be released in theaters on April 17, 2026. The company confirmed that the release date was changed due to the film's VFX work. So that 'Alpha' can be presented to the audience in its best visual form. A YRF spokesperson said, "Alpha is a very special film for us, and we want to present it to the audience in the most cinematic way possible. We realized that the VFX would take longer than initially anticipated. We don't want to leave any stone unturned and want to make Alpha a theatrical experience that people will remember. Therefore, the film will now release on April 17, 2026." Alpha's Star Cast - Alpha will see Alia in a completely new action avatar, and this is her first film with YRF. It is the first fully female-led action film in the YRF Spy Universe, in which Alia and Sharvari will be doing things on screen that audiences have never seen an actress do before. Anil Kapoor and Bobby Deol also play important roles in this film.




# Smriti Mandhana's natural beauty surpasses even Bollywood actresses; our World Champion is incredibly stylish off the field.



The Indian women's team made history by winning India's first-ever Women's World Cup. While these players are strong and dedicated on the field, their natural beauty off the field surpasses even the most glamorous actresses. Bollywood actresses pale in comparison to Smriti Mandhana's natural beauty; she is incredibly stylish off the field. The cricketer is trending on social media after becoming a World Champion. October 2nd was a day of pride for India, as the women's cricket team lifted the ICC World Cup trophy for the first time. By defeating South Africa in the final, our Indian women's cricket team made history, and the entire country celebrated. Social media is flooded with praise for Harmanpreet, Jemimah, Smriti, Deepti, and other players.

These players have not only excelled on the field, but their fashion and style off the field are no less than that of a Bollywood heroine.

Smriti Mandhana has over 13 million followers on Instagram who are fans of her natural beauty. Smriti follows a very simple yet stylish fashion, mostly opting for a no-makeup look. Her sweet smile doubles the attraction of any appearance. Smriti Mandhana and music composer Palash Muchhal are soon going to tie the knot. According to media reports, their wedding festivities will begin on November 20th. This look of Smriti Mandhana is very simple yet attractive;

with this black gown, Smriti has opted for minimal makeup in which she looks gorgeous. Smriti looks beautiful not only in Western but also in ethnic wear. The choker necklace is adding to the charm of her look. Along with style, the World Champion chooses comfortable appearances; interestingly, her minimal makeup look also rivals that of many actresses. Smriti looks very beautiful in a pink and white lehenga and matching jewelry. Smriti is all set to tie the knot soon with music composer Palash Muchhal. In a shimmery gown and silver earrings, Smriti looks absolutely stunning, like a mermaid. Her sweet smile completes the look. This mirror selfie of Smriti Mandhana shows that even a simple outfit without makeup looks perfect when paired with a beautiful smile.